Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 24-08-2006

Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Need to conduct an examination for awarding R.M.P. degree to experienced private practitioners of Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, सम्पूर्ण राजस्थान में प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टीसनर्स की एसोसिएशन बनी हुयी है और लगभग 3000 डॉक्टर्स उसके सदस्य हैं। यह संस्था एक पंजीकृत संस्था है। इस संस्था के सदस्य बहुत लंबे समय से अनुभव प्राप्त चिकित्सक हैं और ग्रामीण व असहाय जनता को प्रारंभिक चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं। प्रत्येक गांव में ये अपना कार्य कर रहे हैं। ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों के और गरीब हल्के के लोगों को सस्ते में व कई स्थानों पर निःशुल्क सेवा प्रदान करते हैं। यदि इन प्राइ वेट प्रैक्टीसनर्स को जिनके पास अनुभव है, से एक परीक्षा लेकर आरएमपीएस की डिग्री दे दी जाये तो इनको भी मान्यता मिल जाएगी और यह भी कानूनन रूप से सेवा कार्य में जुट जायेंगे।